अवर सचिव
UNDER SECRETARY

सत्यमेव जयते

उप-राष्ट्रपति सचिवालय
VICE-PRESIDENT'S SECRETARIAT
नई दिल्ली/NEW DELHI - 110011
TEL.: 23016344/23016422 FAX: 23018124

फाइल संख्या वीपीएस-55/01-आरटीआई/09/2020-21

17 जुलाई, 2020

सेवा में,

श्री पी.के. पाण्डेय
अनु सचिव एवं जनसूचना अधिकारी,
मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश शासन
मुख्य सचिव कार्यालय, लखनऊ।

विषय :- सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 की धारा 6(3) के अंतर्गत सूचना हेतु

महोदय,

श्री हुबलाल उर्फ मुन्ना पुत्र श्री विन्देश्वरी पासी निवासी ग्राम खैराबाद, मजरे बिसैया, तहसील सलोन जनपद रायबरेली, उत्तर प्रदेश का 23.06.2020 का पत्र इस सचिवालय में 13.07.2020 को प्राप्त हुआ है जिसके साथ इन्होंने नकद दस रूपये का नोट सं. 17G 322141 संलग्न कर सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के अंतर्गत इस सचिवालय को 11.06.2020 को प्रेषित अपने पत्र जिसे इस सचिवालय द्वारा 06.07.2020 को उचित ध्यानाकर्षण/कार्रवाही हेतु पुलिस अधीक्षक, जनपद रायबरेली, उत्तर प्रदेश को अग्रसारित कर दिया गया था, पर की गई जानकारी उपलब्ध कराने हेतु निवेदन किया है, चूंकि इनके द्वारा मांगी गई सूचना की विषय-वस्तु उत्तर प्रदेश सरकार से संबंधित है। अत: इनका आवेदन सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 की धारा 6(3) के अंतर्गत आपको हस्तांतरित किया जा रहा है। कृपया आवेदक द्वारा मांगी गई सूचना उपलब्ध कराने का कष्ट करें तथा की गई कार्यवाही से अधोहस्ताक्षरी को भी अवगत कराने का कष्ट करें।

यदि पत्र की विषय-वस्तु आपके अधिकार क्षेत्र में नहीं आती हो तो कृपया इसे उस सूचना अधिकारी को हस्तांतरित करने का कष्ट करें जिसके यह निकट से संबंधित हो।

धन्यवाद,

भवदीय,

(हुरबी शकील)
केन्द्रीय लोक सूचना अधिकारी
hurbi.shakeel@nic.in

प्रतिलिपि सूचनार्थ:-

श्री हुबलाल उर्फ मुन्ना पुत्र श्री विन्देश्वरी पासी निवासी ग्राम खैराबाद, मजरे बिसैया, तहसील सलोन जनपद रायबरेली, उत्तर प्रदेश - कृपया अधिक जानकारी हेतु उपरोक्त जनसूचना अधिकारी के कार्यालय से संपर्क करें।

हुरबी शकील
(हुरबी शकील)
केन्द्रीय लोक सूचना अधिकारी
hurbi.shakeel@nic.in

SPEED POST

RTI No. 9.

सूचना का अधिकार

आवश्यक एवं समयबद्ध
मो0नं0 8543042172
आधार कार्ड सं0 3328 3927 4144

994
13/7/20

सेवा में,

श्रीमान् जनसूचना अधिकारी महोदय,
कार्यालय– उपराष्ट्रपति महोदय,
भारत, नई–दिल्ली।

हुब लाल उर्फ मुन्ना पुत्र बिन्देश्वरी पासी अनु0जाति, निवासी ग्राम खैराबाद, मजरे बिसैय्या, वि0ख0 व तह0 व थाना सलोन, रायबरेली।

.......याची।

विषयः सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के अन्तर्गत प्रमाणित सूचना उपलब्ध कराये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

याची को निम्नवत् सूचनाओं की आवश्यकता हैः–

धारा–1. यह कि मुझ याची द्वारा 11.06.2020 को टाईप शुदा अनुरोध पत्र रजिस्टर्ड पोस्ट के माध्यम से दिनांक 15.06.2020 को पोस्ट आफिस उपडाक घर मेजरगंज रायबरेली के द्वारा भेजा था। आपके कार्यालय में किस तिथि को प्राप्त हुआ और उस पर अब तक क्या कार्यवाही हुयी कृपया समयसीमा के अन्दर प्रमाणित उत्तर उपलब्ध करायें?

धारा–2. यह कि मुझ याची के प्रकरण का निस्तारण किस तिथि को होगा उस तिथि का भी प्रमाणित उत्तर स्पष्ट रूप से उपलब्ध करायें?

संलग्नक :– न्याय शुल्क के रूप में 10/–रू0 सं0 17G 329141 नकद भुगतान।

अतः आपसे सादर अनुरोध है कि धारा–1 ता 2 में मांगी गयी सूचना समयसीमा के अन्दर उपलब्ध कराये जाने का सादर कष्ट करें।

याची
हुबलाल

दिनांक : 23.06.2020

(हुब लाल उर्फ मुन्ना)
उपरोक्त

सचिव
NDER SECRETARY

सत्यमेव जयते

उप-राष्ट्रपति सचिवालय
VICE-PRESIDENT'S SECRETARIAT
नई दिल्ली/NEW DELHI - 110011
TEL.: 23016344/23016422 FAX: 23018124

फाइल संख्या वीपीएस 06/07/2020(P)

06 जुलाई, 2020

श्रीयुत पुलिस अधीक्षक,
जनपद-रायबरेली,
उत्तर प्रदेश ।

प्रिय महोदय,

श्री हुबलाल उर्फ मुन्ना पुत्र श्री विन्देश्वरी पासी, निवासी ग्राम-खैराबाद, मजरे बिसैया, तहसील-सलोन, जनपद-रायबरेली, उत्तर प्रदेश का है। इनका दिनांक 11.06.2020 का पत्र इस सचिवालय में 23.06.2020 को प्राप्त हुआ है। प्रार्थी ने जान माल की सुरक्षा तथा जान से मारने की धमकी देने के संबंध में उल्लेख किया है। इस संदर्भ में उचित कार्यवाही करने का अनुरोध किया है। अतः पूर्ण विवरण युक्त इनका पत्र उचित ध्यानाकर्षण हेतु आपको प्रेषित किया जा रहा हैं।

धन्यवाद,

भवदीय,

/

(हुरबी शकील)

प्रति सूचनार्थ -
श्री हुबलाल उर्फ मुन्ना पुत्र श्री विन्देश्वरी पासी, निवासी ग्राम-खैराबाद, मजरे बिसैया, तहसील-सलोन, जनपद-रायबरेली, उत्तर प्रदेश का है।

कृपया पत्र के संदर्भ में श्रीयुत पुलिस अधीक्षक, जनपद-रायबरेली, उत्तर प्रदेश के कार्यालय से संपर्क करें।

हुरबी शकील

(हुरबी शकील)

आर टी आई अधिनियम के तहत आपूर्ति किए गए दस्तावेज़ / रिकार्ड की सच्ची प्रति

हुरबी शकील
17/7/2020

हुरबी शकील/Hurbi Shakeel
उप सचिव/Under Secretary
उपराष्ट्रपति सचिवालय/Vice-President's Secretariat
नई दिल्ली/New Delhi